पंजाब पुलिस ने बाऊंसर हत्याकांड के आरोपियों को 48 घंटे के अंदर दबोचा

लक्की पटियाल गैंग के दो शूटर पुलिस मुठभेड़ के उपरांत किया गिरफ्तार

- पुलिस टीमों ने गिरफ्तार किये शूटरों से एक पिस्तौल और असले समेत अपराध में इस्तेमाल किया गया मोटरसाईकल किया बरामद: डीजीपी पंजाब गौरव यादव
- पुलिस को देखकर मुलजिमों ने पुलिस पार्टी पर शुरू की फायरिंग: एसएसपी मोहाली सन्दीप गर्ग

जगमार्ग न्यूज

चंडीगढ़/मोहाली। पंजाब पुलिस ने वीरवार को यहाँ न्यू चंडीगढ़ क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ के उपरांत लक्की पटियाल गैंग के दो शूटरों को गिरफ्तार करके बाऊंसर हत्या कांड की गुत्थी 48 घंटों के अंदर सुलझा दी है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को मोटरसाईकल सवार दो अनजान व्यक्तियों ने गोलियाँ मारकर पीड़ित मुनीश राणा उर्फ बाऊंसर की हत्या कर दी थी। डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने गिरफ्तार किये गए शूटरों की पहचान विक्रम राणा उर्फ हैप्पी (23) निवासी गाँव तिऊड़ और किरन सिंह (23) निवासी गुरू रामदास एन्क्लेव खरड़ के रूप में की है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने इनके कब्ज़े से .32 बोर के पिस्तौल समेत छह जिंदा कारतूस और गोलियों के चार खाली खोल बरामद करने के साथ-साथ वारदात में इस्तेमाल किया गया हौंडा शाईन मोटरसाईकल भी ज़ब्त किया है।

इस कार्यवाही संबंधी जानकारी देते हुए सीनीयर सुपरीटेंडैंट ऑफ पुलिस (एस.एस.पी.) एस.ए.एस. नगर डॉ. सन्दीप गर्ग ने बताया कि थाना सदर खरड़ में कत्ल केस दर्ज होने के तुरंत बाद विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि न्यू चंडीगढ़ क्षेत्र में मेडीसिटी के नज़दीक शूटरों की मौजूदगी संबंधी भरोसेमन्द सूत्रों के हवाले से मिली सूचना पर कार्यवाही करते हुए डीएसपी गुरशेर सिंह संधू के नेतृत्व में स्पैशल सैल मोहाली की पुलिस टीमों ने शूटरों का पीछा किया और उनका पता लगाने में सफल रहे।

उन्होंने बताया कि पुलिस पार्टी द्वारा पीछा करने पर मुलजिमों ने पुलिस पार्टी पर गोलियाँ चलानी शुरू कर दीं, जबकि पुलिस टीमों ने भी अपने बचाव में जवाबी गोलीबारी की, जिस दौरान दोनों मुलजिमों को गोलियाँ लगीं। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस सम्बन्धी एफआईआर नं. 120 तारीख़ 7/5/2024 को थाना सदर खरड़ में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और 34 एवं हथियार एक्ट की धारा 25 के अंतर्गत पहले ही मामला दर्ज किया जा चुका है।

चंडीगढ़ को एआई और आईटी का बनाया जाएगा जॉब हब: संजय टंडन

जगमार्ग न्यूज

चंडीगढ़। भाजपा उम्मीदवार संजय टंडन ने कहा कि चंडीगढ़ को अगला एआई और आईटी जॉब हब बनाया जाएगा। उनकी प्राथमिकता रहेगी कि शहर में रोजगार के नए अवसर बढ़ें और युवाओं को नौकरी की तलाश में देश के दूसरे शहरों का रूख न करना पड़े। टंडन पंजाब विश्वविद्यालय के स्टूडेंट सेंटर में विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने चंडीगढ़ में रोजगार के नए अवसर पैदा की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में पहुंचने पर छात्रों ने पूरी गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया और देश के विकास में पहली जून को वोट करने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने छात्रों को संवाद के दौरान स्पष्ट किया कि उनका सपना है कि शहर को आईटी, एआई और कंटेंट क्रिएशन जैसे क्षेत्रों का केंद्र बनाना है ताकि चंडीगढ़ के युवाओं को पुणे, बेंगलुरू और हैदराबाद जैसी जगहों पर न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि 'सिटी ब्यूटीफुल' अब प्रतिभाशाली और महत्वाकांक्षी युवाओं के जाना जाता है, जोकि जीवन में सफलता की बुलंदियों को छूना चाहते हैं। इस दिशा में हमने नई पहल शुरू कर दी है। चंडीगढ़ देश का पहला शहर बनने जा रहा है, जिसमें कंटेंट क्रिएटर्स और प्रभावशाली लोगों के लिए एक इनक्यूबेशन सेंटर होगा। टंडन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज युवाओं के पास करियर चुनने के लिए बहुत विकल्प हैं, वे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं, क्योंकि देश की अर्थव्यवस्था उनके लिए हजारों नए रास्ते खोल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इसी दूरदर्शी सोच के चलते देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। इसके अलावा, टंडन ने चंडीगढ़ के लिए बीसीसीआई संबद्धता हासिल करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया, जिससे एक विशिष्ट इकाई के रूप में इसकी स्थिति बढ़ गई।

पीजी में रहने वाले 16 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर समाप्त की जीवनलीला

राकेश भारद्वाज

मृतक की फोटो

खरड़ (जगमार्ग न्यूज)। खरड़ के वार्ड नंबर 1 के अंतर्गत आने वाले दर्पण सिटी के एक पीजी में 16 वर्षीय छात्र ने फांसी लगा ली। छात्र का नाम नितिन उर्फ गोलू है, जो मूल रूप से हरियाणा के भिवानी जिले के पास कलिंगा गांव का रहने वाला है। उक्त युवक सीजीसी झंजेड़ी का छात्र था और पिछले एक साल से अपने अन्य दोस्तों के साथ पीजी में रह रहा था। नितिन के दोस्त अंकित ने बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से कॉलेज से एडमिट कार्ड नहीं मिलने से परेशान था क्योंकि कॉलेज में उसकी उपस्थिति कम थी। घटना 8 मई शाम 5 बजे की है और मौके पर मौजूद नितिन के एक और दोस्त अरमान शर्मा ने बताया कि नितिन पिछले चार-पांच दिनों से परेशान था लेकिन जब वे उसके कमरे के बाहर पहुंचे तो उसने दरवाजा नहीं खोला, उसके दोस्त दूसरी खिड़की से अंदर गए तो देखा कि नितिन ने पंखे से फंदा लगा लिया है। वहीं नितिन के पिता सीस राम का कहना है कि उनके बेटे ने आत्महत्या नहीं की है, क्योंकि ये कोई बड़ी बात नहीं है कि उनके बेटे ने आत्महत्या कर ले, उन्हें शक है कि ये आत्महत्या नहीं है इसके जांच हो। मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर दिलबाग सिंह ने बताया कि उन्होंने मौके पर जाकर जांच की है, लेकिन ऐसी कोई बात नहीं है कि उनकी हत्या की गई है। जांच अधिकारी ने यह भी कहा कि वे शव का पोस्टमॉर्टम करा रहे हैं और रिपोर्ट आने पर अगर ऐसी कोई बात होगी तो उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने सीआरपीसी की धारा 174 के तहत मामला दर्ज कर लिया है प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है।

सपा ने चंडीगढ़ में तिवारी को समर्थन देने का किया ऐलान

चंडीगढ़ (जगमार्ग न्यूज)। समाजवादी पार्टी ने चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार मनीष तिवारी को औपचारिक रूप से समर्थन देने की ऐलान कर दिया गया है। यहां इंडी ब्लॉक की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, सपा की चंडीगढ़ इकाई के अध्यक्ष डॉ. विक्रम, महासचिव सुरिंदर ठाकुर, चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष एच.एस लक्की, चंडीगढ़ के लिए आम आदमी पार्टी की प्रचार समिति के अध्यक्ष चंद्रमुखी शर्मा और मनीष तिवारी ने कहा कि चंडीगढ़ में गठबंधन मजबूती से खड़ा है और रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज करेगा। डॉ. विक्रम ने कहा कि केवल कांग्रेस ही भारतीय जनता पार्टी की सांप्रदायिक और विभाजनकारी राजनीति व नीतियों से लड़ सकती है। उन्होंने कहा कि सपा कार्यकर्ताओं की पूरी कतार पहले ही संबंधित क्षेत्रों में चुनाव प्रचार में शामिल हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि सपा का लंबे समय से यहां रह रहे उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के बीच भारी समर्थन है। इस अवसर पर वरिष्ठ सपा नेता राधेश्याम यादव, स्वामी यादव, राम मूरत यादव, हरविंदर सिंह, गुरदयाल सिंह, पंकज यादव भी मौजूद रहे।

युवा कांग्रेस के सम्मेलन में पहुंचे राजीव शुक्ला और सीएम सुक्खू

जगमार्ग न्यूज

चंडीगढ़। गठबंधन के सांझा उम्मीदवार मनीष तिवारी के चुनाव प्रचार को गति प्रदान करते हुए, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां एआईसीसी महासचिव राजीव शुक्ला के साथ युवा कांग्रेस के एक सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुविंदर सिंह सुक्खू ने शहर के निवासियों से तिवारी के लिए वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वह पहले ही एक बेहतरीन सांसद और एक सफल केंद्रीय मंत्री साबित हो चुके हैं। सुक्खू ने एनएसयूआई और युवा कांग्रेस के दिनों में तिवारी के साथ जुड़ी अपनी यादों को ताजा किया। उन्होंने तिवारी को हमेशा उन्हें ईमानदार, प्रतिबद्ध और मेहनती व्यक्ति पाया है। इस दौरान बोलते हुए, एआईसीसी महासचिव राजीव शुक्ला ने कहा कि चंडीगढ़ को एक ऐसा प्रतिनिधि मिलेगा, जिसका राष्ट्रीय स्तर पर कद है और जिसे पूरे देश में पहचाना जाता है। उन्होंने कहा कि संसद में चंडीगढ़ के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए तिवारी सबसे अच्छे उम्मीदवार हैं। इस अवसर पर चंडीगढ़ युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज लुभाना ने कहा कि तिवारी ने पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया है और उनके जुझारू व्यक्तित्व से कार्यकर्ता उत्साहित व ऊर्जावान महसूस कर रहे हैं। चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने भरोसा दिलाया कि तिवारी रिकॉर्ड अंतर से चुनाव जीतेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि लोगों से मिल रही प्रतिक्रिया के अनुसार इस बार कांग्रेस पार्टी की रिकॉर्ड जीत होगी।

श्रीराम जी के जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं ने मनाई खुशियां

पंचकूला (जगमार्ग न्यूज)। श्री हरिहर मंदिर सेक्टर 12ए में श्री राम कथा में वीरवार को श्रद्धालु भगवान श्रीराम सहित चारों भाइयों के जन्म कथा का श्रवण कर झूम उठे। कथा व्यास गुरु मां मुक्तानंद ने राम जन्म प्रसंग की ऐसी व्याख्या की कि श्रोता भावविभोर हो उठे। उन्होंने कहा कि तीन कल्प में तीन विष्णु का अवतार हुआ है और चौथे कल्प में साक्षात भगवान श्रीराम माता कौशल्या के गर्भ से अवतरित हुए है। कथा व्यास गुरु मां मुक्तानंद ने कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि श्रीराम कथा हमें मर्यादा में रहना सिखाती है। साथ ही यह मानव का सही मार्गदर्शन भी करती है। जो मनुष्य सच्चे मन से श्रीराम कथा का श्रवण कर लेता है, उसका लोक ही नहीं परलोक भी सुधर जाता है। मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ है और बहुत सत्कर्मों के बाद ही मनुष्य का जीवन मिलता है। आज का पूजन में यजमान जगमोहन खन्ना, मुदित खन्ना, आनंद गुप्ता, केएल चोपड़ा रहे। विजय अग्रवाल ने बताया कि शाम 4 से 6:30 बजे तक कथा रोजाना हो रही है। प्रतिदिन कथा के बाद भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई है।

नाके के दौरान पकड़े गए दो नशा तस्कर

चंडीगढ़ (जगमार्ग न्यूज)। देश में आगामी लोकसभा चुनाव और शहर में हो रही चोरी, डकैती और स्नैचिंग की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जिला क्राइम सेल ने एनडीपीएस एक्ट मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। नशा तस्करों की पहचान 20 वर्षीय आकाशदीप निवासी गांव एवं थाना-ममदोट, जिला-फिरोजपुर और 19 वर्षीय आशीष सिंह सोलंकी निवासी वार्ड नंबर 5, गूगल कोटा, जिला-अलवर के रूप में हुई हैं। तस्कर आकाशदीप ने पुलिस ने 13.18 ग्राम हेरोइन और आशीष सिंह सोलंकी के पास से 6.34 ग्राम हेराइन बरामद की। जानकारी के अनुसार एएसआई राजेश कुमार पुलिस अधिकारियों के साथ पार्क सेक्टर-19/सी के पास गश्त ड्यूटी पर थे। लगभग रात को 8:50 बजे जब वे सेक्टर-19 सी/डी मोड़ पर पहुंचे, तो लोगों को सेक्टर-19/डी स्लिप रोड से पुलिस गश्त दल की ओर आते देखा। वह दोनों एक दूसरे से बात कर रहे थे। दोनों अपने दाहिने हाथ में पॉलिथीन बैग लटकाये हुए थे। पुलिस पार्टी को देखकर दोनों पीछे मुड़ गये और तेजी से चलने लगे।

कांग्रेस अनेकता में एकता में विश्वास करती है: तिवारी

जगमार्ग न्यूज

चंडीगढ़। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार मनीष तिवारी ने कहा है कि कांग्रेस अनेकता में एकता की अवधारणा में दृढ़ता से विश्वास करती है और उसे किसी से कोई सीख या प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं है, खासकर भारतीय जनता पार्टी से तो बिल्कुल नहीं है। इस दौरान इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सैम पित्रोदा के कथित बयान के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए, तिवारी ने कहा कि उन्होंने नहीं सुना कि उन्होंने (पित्रोदा ने) वास्तव में क्या कहा और उनका क्या मतलब था और वह इस बारे में टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं हैं। लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस का रुख साफ है कि वह हर संप्रदाय, हर जाति, हर धर्म, हर क्षेत्र और हर भाषा के साथ समान सम्मान और गरिमा के साथ पेश आती है। तिवारी ने कहा कि कांग्रेस न केवल अनेकता में एकता में विश्वास करती है, बल्कि इस अवधारणा की रक्षा के लिए महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और कई अन्य जैसे अपने शीर्ष नेताओं के बहुमूल्य जीवन का बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि 150 से अधिक वर्षों से राष्ट्रवाद और धर्मनिरपेक्षता के प्रति प्रतिबद्धता के गौरवशाली इतिहास वाली पूरी कांग्रेस पार्टी को एक व्यक्ति के बयान के लिए जिम्मेदार ठहराना बेतुका और अपमानजनक है। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जब जमीन उनके पैरों के नीचे से खिसक चुकी है, तब वे निराधार बातें कर रही है।

एनसीसी इंटर ग्रुप स्पोर्ट्स शूटिंग चैंपियनशिप संपन्न

चंडीगढ़ (जगमार्ग न्यूज)। एनसीसी निदेशालय पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ (पीएचएचपीएंडसी) की इंटर ग्रुप स्पोर्ट्स शूटिंग चैंपियनशिप 2024-25 वीरवार को संपन्न हुई। यह चैंपियनशिप 1 से 9 मई तक सेक्टर 25 के पुलिस शूटिंग रेंज में आयोजित की गई थी, जो मेजर जनरल मंजीत सिंह मोखा अतिरिक्त महानिदेशक पीएचएचपीसी की कमान के तहत कैडेटों के लिए शूटिंग स्पर्धा के क्षेत्र में अपने असाधारण कौशल और प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए एक उचित मंच सिद्ध हुआ। चैंपियनशिप में आठ समूहों के 64 कैडेट्स ने भाग लिया। चैंपियनशिप में 22 स्पोर्टिंग राइफल श्रेणी की ओपन साइट के प्रोन और थ्री-पोजीशन शूटिंग सहित चार मैच हुए, जो 50 मीटर पुलिस फायरिंग रेंज में आयोजित की गई थी। प्रत्येक समूह जिसमें आठ निशानेबाज शामिल थे,ने अपनी शूटिंग स्पर्धा में उल्लेखनीय योग्यता, सटीकता और निरंतरता का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों के प्रतिभाशाली समूह में से कुल 13 कैडेट पदक विजेता बनकर उभरे।

एंटी नारकोटिक्स ने पकड़ा नशा तस्कर, तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

जगमार्ग न्यूज

पंचकूला। इंचार्ज एंटी नारकोटिक्स सेल इंस्पेक्टर अजीत सिंह और उनकी टीम ने नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये आरोपी की पहचान संजीव कुमार उर्फ संजू वासी टंगरा कली राम कालका के रुप में हुई। जानकारी के मुताबिक नारकोटिक्स सेल की टीम गस्त पडताल करते हुए कालका की तरफ मौजूद थी। तभी पुलिस को गुप्त सूचना मिली की उपरोक्त आरोपी संजीव कुमार जो की एक केमिस्ट की दुकान चलाता है, वो दुकान पर नशीली गोलियां बेचने का धंधा करता है। इस बारे सूचना प्राप्त करके एंटी नारकोटिक्स टीम ने टंगरा कली राम के पास गुप्त सूचना के आधार पर एक संदिग्ध को काबू किया। उस व्यक्ति ने अपने हाथ में एक बैग लिया हुआ था। आरोपी की तलाशी लेने के लिए राजपत्रित अधिकारी सुनील सीरे एईटीओ सेल टेक्स को मौके पर बुलाया और आरोपी की तलाशी ली गई। तलाशी में संजीव कुमार उर्फ संजू की नीले रंग की जींस पैंट की जेब से 30 हजार रुपये नकद और एक मोबाइल बरामद किया गया। उसके बैग को चेक किया तो उसके अन्दर हरे रंग के 24 पत्ते बरामद हुए जिसमें प्रत्येक पते में 60 गोलियां थी। इन हरे पत्तों पर लोमोटिल लिखा हुआ था। इसके अलावा सिल्वर रंग के अलग से 26 पत्ते बरामद हुए और प्रत्येक पत्ते में 75 गोलियां पाई गई जिनके ऊपर एलप्राजोलम लिखा हुआ था। तभी मौका पर प्रवीन कुमार ड्रग निरिक्षक पंचकूला ने बताया कि यह सब नशे की गोलियां है।

राम नाम जप कर अपने लोक व परलोक को सुधारें: कुलभूषण गोयल

जगमार्ग न्यूज

पंचकूला। श्री हरिहर मंदिर सेक्टर 12ए में श्री राम कथा में कथा व्यास गुरु मां मुक्तानंद ने कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि श्रीराम कथा हमें मर्यादा में रहना सिखाती है। साथ ही यह मानव का सही मार्गदर्शन भी करती है। जो मनुष्य सच्चे मन से श्रीराम कथा का श्रवण कर लेता है, उसका लोक ही नहीं परलोक भी सुधर जाता है। मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ है और बहुत सत्कर्मों के बाद ही मनुष्य का जीवन मिलता है।

पूजन में यजमान जगमोहन खन्ना, मुदित खन्ना, आनंद गुप्ता, केएल चोपड़ा रहे। श्रीराम कथा में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता एवं पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल पहुंचे। मंदिर के प्रधान विजय अग्रवाल, सतपाल गुप्ता, रजनीश बंसल, सुरेंद्र कुमार गोयल, सुभाष कश्यप ने स्वागत किया। कुलभूषण गोयल ने कहा कि मनुष्य को इसका सदुपयोग करना चाहिए और राम नाम का जप करते हुए अपने लोक व परलोक को सुधारना चाहिए।

कलयुग में मनुष्य का सबसे बड़ा सहारा राम नाम ही है। विजय अग्रवाल ने बताया कि शाम 4 से 6:30 बजे तक कथा रोजाना हो रही है। प्रतिदिन कथा के बाद भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई है। पूर्णाहूति एवं भंडारा 15 मई को होगा। इस अवसर पर विजय अग्रवाल, नरेश गोयल, जेके सिंगला, सुरेश अग्रवाल, रजनीश बंसल, सुरेंद्र वर्मा, सुरेंद्र गुप्ता, सतपाल गुप्ता, सज्जन जिंदल उपस्थित थे।

असुविधा

आर्थिक तंगी छुड़वा रही होनहार बच्चों की पढ़ाई

6 लाख की आबादी वाले शहर में कोई सरकारी कॉलेज तक नहीं

- जीरकपुर के स्टूडेंट हायर एजुकेशन के लिए चंडीगढ़ और पंचकूला के सरकारी कॉलेजों पर हैं निर्भर

अली

जीरकपुर (जगमार्ग न्यूज)। जीरकपुर की आबादी 6 लाख के नजदीक पहुंच चुकी है और अगर यहां हायर एजुकेशन की बात की जाए तो शहर में एक भी सरकारी कॉलेज नहीं है। 12वीं के बाद जीरकपुर रहने वाले बच्चों को हायर एजुकेशन के लिए चंडीगढ़, पंचकूला और मोहाली के सरकारी कॉलेज पर निर्भर होना पड़ता है। कई बार सीट फुल होने या किसी कारण से एडमिशन न मिलने पर बच्चों को मजबूरी में प्राइवेट कॉलेज ज्वाइन करने पड़ते हैं। जब शहर की आबादी सीमित थी तब जीरकपुर के ज्यादातर छात्र डेराबस्सी के सरकारी कॉलेज में एडमिशन लेते थे। अब डेराबस्सी के सरकारी कॉलेज में भी छात्रों की संख्या बढ़ने लगी है। ऐसे में जीरकपुर के छात्र चंडीगढ़, पंचकूला और मोहाली के कॉलेज में एडमिशन लेने लगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जीरकपुर में ही बढ़िया स्तर का सरकारी कॉलेज बन जाता है तो यहां के छात्रों को काफी सुविधा मिलेगी। जीरकपुर के गांव दयालपुरा, गांव छत, गांव रामपुरा, गांव शताबगढ़, अड्डा झुग्गियां के छात्रों को पहले ऑटो से जीरकपुर बस स्टैंड तक आना पड़ता है और फिर जीरकपुर से चंडीगढ़ के लिए बस या ऑटो लेना पड़ता है। इन गांवों से चंडीगढ़ जाने वाले छात्रों की संख्या काफी है। गांव शताबगढ़, गांव नगला, गांव गाजीपुर के छात्रों को पहले किसी साधन से हाईवे तक आना पड़ता है फिर हाईवे से ऑटो से जीरकपुर बस स्टैंड पहुंचना पड़ता है जहां से चंडीगढ़ की बस लेनी पड़ती है।

रोज बसों में कॉलेज तक सफर करना पड़ता है तय

जीरकपुर के स्कूलों में 12 की परीक्षा देने के बाद छात्रों को एडमिशन के लिए चंडीगढ़ के सरकारी कॉलेज पर निर्भर होना पड़ता है। जहां एडमिशन मिलने के बाद रोज बसों में कॉलेज तक सफर करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी लड़कियों को होती है। जीरकपुर से रोज हजारों की संख्या में छात्राओं को चंडीगढ़ सेक्टर 11 जीसीजी, देव समाज कालेज, एमसीएम कालेज जाने के लिए घंटों बस या ऑटो का इंतजार करना पड़ता है। घंटों के सफर के बाद ही वे कॉलेज पहुंचते हैं। यदि जीरकपुर में ही कॉलेज होगा तो समय के साथ साथ भागदौड़ भी कम हो जाएगी।

लड़कियों के लिए शहर में सरकारी गर्ल्स कॉलेज जरूरत सबसे ज्यादा है। लड़कियों के माता-पिता अपनी लड़कियों को दूर भेजने से डरते है और इस डर के चलते कई लड़कियां हायर एजुकेशन से वंचित रह जाती है। सरकार को चाहिए जीरकपुर में कम से कम एक सरकारी कॉलेज जरूर बनाए।

एडवोकेट राम धीमान

जीरकपुर से चंडीगढ़ रोजाना कॉलेज जाने वाले छात्रों को परेशानी होती है इससे उनका समय तो बरबाद होता ही है और पढ़ाई के लिए समय भी कम मिलता है। कई बार बस न मिलने से परेशानी होती है।

हरमीत सिंह कालरा

न्यूज डायरी

भाकियू (चढ़ूनी) और संयुक्त संघर्ष पार्टी के समर्थन से 'हरियाणा बनाओ अभियान' को बल मिला

चंडीगढ़ (जगमार्ग न्यूज)। हरियाणा बनाओ अभियान को वीरवार को उस समय बल मिला जब भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूनी, जो संयुक्त संघर्ष पार्टी के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं, ने भी हरियाणा के लिए नई राजधानी व अलग हाई कोर्ट की मांग का समर्थन किया। हरियाणा बनाओ अभियान के संयोजक रणधीर सिंह बधरान ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था की टीम ने गुरनाम सिंह चढ़ूनी के साथ बैठक करके इस मुद्दे पर चर्चा की। सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि ये हरियाणा प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे हैं व सरकार को इस तरफ जल्द ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द वह इस मुद्दे को राज्य स्तर पर उठाएंगे। रणधीर सिंह बधरान ने बताया कि इस मुद्दे पर हरियाणा के राजनीतिक नेताओं पर दबाव बनाने के लिए आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में बड़ी सार्वजनिक बैठकें बुलाई जाएंगी जिनमें समाज के सभी वर्गों से समर्थन प्राप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सभी उम्मीदवारों से समर्थन मांगा जाएगा और यदि कोई उम्मीदवार या राजनीतिक दल हरियाणवी जनता की इन मांगों का विरोध करेगा तो चुनाव में जनता उन्हें सबक सिखाएगी। हरियाणा में संसदीय चुनाव के प्रत्येक उम्मीदवार को नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय की मांग का सामना करना पड़ेगा। उनके मुताबिक संस्था पिछले दो वर्षों से वे हरियाणा के सभी निवासियों के व्यापक सार्वजनिक हित में अलग उच्च न्यायालय और हरियाणा की नई राजधानी के निर्माण के लिए प्रयास कर रही है।

24 वर्षीय युवती लापता, मामला दर्ज

रायपुररानी (जगमार्ग न्यूज)। गांव भूड में एक 24 वर्षीय लड़की रहस्यमयी परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। जांच अधिकारी प्रदीप कुमार के अनुसार एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि 6 मई को उसकी बेटी बगैर कुछ बताए घर से कहीं चली गई। तलाश करने पर उसका कोई सुराग नही लगा। जिसके बाद लापता लड़की के पिता ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।

भाजपा ने रमेश वर्मा को खरड़ विधानसभा हल्का का को-इचार्ज नियुक्त किया

मोहाली (जगमार्ग न्यूज)। भाजपा नेता एवम मोहाली पूर्व पार्षद प्रकाशवति के बेटे रमेश वर्मा को भाजपा पार्टी ने अभी हाल में में एक नई जिम्मेदारी सौंपी है, भाजपा पार्टी ने रमेश वर्मा को खरड विधानसभा हल्के का चुनाव मैनेजमेंट कमेटी का को-इचार्ज नियुक्त किया है। को-इचार्ज की नियुक्ति मिलने पर श्री वर्मा के समर्थकों में खुशी की लहर है और स्थानीय भाजपा समर्थकों जिनमें मोहाली फेस-9 मार्केट के अध्यक्ष मनोज मक्कड, शिव मंदिर फेस-9 मोहाली के मौजूदा अध्यक्ष संजीव कुमार, जहीर खान, अमनदीप सिंह मुंडी, राजेश वर्मा, विजय मंडल सहित अन्य समर्थकों ने बधाई दी और उनके साथ सदा खडा रहने का भरोसा भी दिया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए भाजपा नेता रमेश वर्मा ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो अपने पार्टी वर्करों के एक-एक व्यक्ति का पूरा ध्यान रखती है और इस पार्टी में काम करने वालों ही की कीमत पडती है। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि श्री आनंदपुर साहिब लोकसभा हल्के से भाजपा पार्टी के डा सुभाष शर्मा को अपना बढिया और हरमन प्यारे नेता को मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा कि असली मुकाबला अब होगा और इसमें कोई शक नहीं चुनाव में जीत भाजपा प्रत्याशी की होगी। उन्होंने कहा कि अब केन्द्र की सीनियर भाजपा नेता व केन्द्रीय मंतिरयों की टीम चुनाव प्रचार के लिए पंजाब में प्रवेश करेगी और ताबडतोड चुनाव प्रचार किया जाएगा।

एकसिप्स -125 में मातृ दिवस समारोह आयोजित

मोहाली (जगमार्ग न्यूज)। माँ, जो अपने परिवार की रीढ़ हैं, जिनके पास सभी घावों को भरने और सभी चीजों को सुंदर बनाने का जादुई स्पर्श है। प्यार और स्नेह के इसी बंधन को समर्पित मदर्स डे को एकसिप्स -125 स्मार्ट स्कूल ने एक यादगार तरीके से आयोजित किया। मातृ दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों की सभी माताओं को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्री-प्राइमरी छात्रों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया इसके बाद विद्यार्थियों ने एक दिल को छू लेने वाला गीत गाकर मातृत्व के प्रति अपना प्यार और आभार व्यक्त किया, जिसने सभी माताओं को बहुत भावुक कर दिया। इस कार्यक्रम में में आगंतुक माताओं के लिए विभिन्न मनोरंजन से भरे खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मदर क्वीन प्रतियोगिता थी। नारीत्व के विभिन्न रंगों को चित्रित करते हुए प्रतिभागियों ने रैंप पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और सर्वश्रेष्ठ रैंप वाक को जजों द्वारा ताज पहनाया गया। माताओं द्वारा कविता पाठ, गीत और नृत्य प्रस्तुतियों ने पूरे कार्यक्रम में आकर्षण बढ़ा दिया। एकसिप्स -125 स्मार्ट स्कूल की ब्रांच हेड जगजीत सेखों ने सभी माताओं को इस अवसर पर बधाई दी और उन्हें समारोह का हिस्सा बनाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मातृ दिवस, सभी माताओं के निस्वार्थ स्नेह को सम्मानित करने का उत्सव है।

मातृ दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

मोहाली (जगमार्ग न्यूज)। माँ के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के उद्देश्य से संत ईशर सिंह पब्लिक स्कूल फेज-7 में कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के नन्हें छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नन्हें छात्रों की नृत्य प्रस्तुति के साथ-साथ मदर्स के लिये भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सबसे पहले आमंत्रित मदर्स का पूर्ण गरिमा के साथ स्वागत किया गया। नृत्य, कविता, स्लोगन के द्वारा नन्हें छात्रों का अपनी माँ के प्रति प्रेम उनकी स्नेह से भरपूर भावनाओ को दशा रहा था। मदर्स ने रैम्प वॉक, हेयर स्टाईट कनी गेम्ज, बैस्ट आऊट ऑफवेस्ट प्रतियोगिताओ में बहुत उत्साह के साथ भाग लिया। इस दिन को मन